# बिहार विधान परिषद

## (बिहार विधान परिषद् का 194वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 05 मार्च 2020

----

**[जल संसाधन - वित्त विभाग - श्रम संसाधन - परिवहन - लघु जल संसाधन - अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण - पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण - वाणिज्य कर - पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन - मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन - योजना एवं विकास - समाज कल्याण गृह ].**

Total Short Notice Question- 10

----

### योजना का लाभ

*74 **प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

Will the **परिवहन** be pleased to state:-
क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, राज्य के सभी जिलों में लागू है, किन्तु इस योजना की गति राज्यभर में काफी धीमी है, जिससे पटना सहित अन्य जिलों के पंचायतों के लाभुकों को इस योजना का लाभ आंशिक रूप से मिल पा रहा है ;

(ख) क्या यह सही है कि राज्यभर में 8463 पंचायत हैं और ग्रामीण क्षेत्रों को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने तथा परिवहन विभाग द्वारा दी जाने वाली ई-रिक्शा, ऑटो सहित 4 से 10 सीट वाले वाहन खरीद पर बेरोजगार युवकों को अनुदान दिलाने में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है किन्तु विभाग के प्रचार-प्रसार के अभाव में इस योजना का लाभ अधिकांश लोगों को नहीं मिल पा रहा है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलाएगी कि इस योजना के कार्यान्वयन का लाभ पाने के लिए लाभुकों की संख्या लक्ष्य के मुताबिक क्यों कम है और लक्ष्य तक पहुँचाने के लिए विभाग कौन-सी कदम उठाने का विचार कर

रही है?

----

## जलीय जीवों के संरक्षण

***75 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

Will the **पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन** be pleased to state:-
क्या मंत्री, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि सहरसा जिला के आरण गांव में 75 (पचहत्तर) की संख्या में मोर पाये गये हैं ;

(ख) क्या यह सही है कि कोसी नदी में सहरसा-खगडि़या की सीमा फनगों हॉल्ट के पास से सुपौल जिला के दौरा घाट तक का तट 99 (निन्यानबे) प्रजाति की पक्षियों का बसेरा बना हुआ है ;

(ग) क्या यह सही है कि हंस, गरुड़, काली चील, यूरेशियन विगन रेड बुलबुल सहित अन्य पक्षियों के कलरव से यह जगह गुंजयमान रहता है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या उक्त जलीय जीवों के संरक्षण एवं पुनर्वास कर उन्हें सुरक्षित रखने हेतु सरकार द्वारा कोई पहल अबतक नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

----

## स्लुईस गेट नीचे कबतक

***76 श्री आदित्य नारायण पाण्डेय (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

Will the **जल संसाधन** be pleased to state:-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिले के झाड़ी नदी की उन्नयन का कार्य किया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि नदी उन्नयन में सतह नीचे हो जाने के कारण स्लुईस गेट काफी ऊपर हो गया है जिससे किसानों को पानी मिलने में दिक्कत होगी ;

(ग) क्या यह सही है कि विभाग ने नदी उन्नयन में स्लुईस गेट नीचे करने की कोई योजना तैयार नहीं की है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऊँचे स्थान पर

स्थापित स्लुईस गेट को नीचे करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## अवैध पार्किंग

***77 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

Will the **गृह** be pleased to state:-

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि सड़कों पर खराब होनेवाले और अवैध पार्किंग में खड़े किए वाहनों को उठाने के लिए क्रेन और हाइड्रा क्रेन की खरीदारी के लिए सितंबर 2018 में योजना बनी थी ;

(ख) क्या यह सही है कि पटना ट्रैफिक पुलिस के पास तीनों क्रेन पुरानी है और अक्सर खराब रहती है ;

(ग) क्या यह सही है कि 84 लाख में सात क्रेन खरीदने की जगह 1.8 करोड़ किराया देगी ट्रैफिक पुलिस ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नयी क्रेन और हाइड्रा क्रेन खरीदने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## ट्रीटमेंट प्लांट कबतक

***78 श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

Will the **जल संसाधन** be pleased to state:-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से निस्सरित होनेवाले जल का सिंचाई में उपयोग करने हेतु सरकार ने निर्णय लिया है ;

(ख) क्या यह सही है कि पटना स्थित बेउर, करमलीचक, सैदपुर, कंकडबाग, पहाड़ी, दीघा आदि सभी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से निस्सरित जल के उपयोग हेतु कार्रवाई प्रक्रियाधीन हैं;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त सभी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 307.84 करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बतलाएगी कि ये सभी ट्रीटमेंट प्लांट कब तक पूरे हो जायेंगे ताकि इनसे निस्सरित जल का उपयोग सिंचाई में किया जा सके ?

----

## अपराधियों पर नकेल

*79 **श्री कृष्ण कुमार सिंह (विधान सभा):**

Will the **गृह** be pleased to state:-

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि पुलिस और प्रशासन के तमाम प्रयासों के बावजूद गया शहर में अपराधी बेखौफ अपराध को अंजाम दे रहे हैं, शायद ही कोई दिन बीतता हो, जब शहर में चोरी, लूट या फिर अन्य वारदातें न हों, शहर में हत्या और डकैती की वारदातें भी आम हो गई हैं ;

(ख) क्या यह सही है कि जनवरी से नवंबर, 2019 तक गया शहर में 143 हत्या, 14 डकैती, 48 लूट, 1432 चोरी, 349 दंगा, 416 अपहरण, 70 बलात्कार, 8 रोड डकैती, 40 सड़क लूट की वारदातें हुई हैं ;

(ग) क्या यह सही है कि लगातार हो रही वारदातों से शहर के लोग सहमे हुए हैं, विशेषकर महिलाएं शाम होते ही घर से निकलने में संकोच करने लगती है ;

(घ) क्या यह सही है कि प्रदेश से लेकर जिलास्तरीय पुलिस पदाधिकारी आए दिन विधि- व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर अंकुश लगाने का पाठ पढ़ाते हैं, लेकिन शहर में हो रहे वारदातों को विफल करने का प्रयास नहीं किया जा रहा है ;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गया शहर में बढ़ते अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण करने के लिए ठोस कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## वृद्ध शेल्टर होम कबतक

*80 **श्री सतीश कुमार (विधान सभा):**

Will the **समाज कल्याण** be pleased to state:-

क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि राज्य में सी.एम. वृद्ध आश्रम योजनान्तर्गत 12 जिलों में सरकारी शेल्टर होम बनेंगे जिस पर 500 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जानी है ;

(ख) क्या यह सही है कि शेल्टर होम कौशल प्रशिक्षण, शिक्षक, खेलकूद मैदान, खाने की सुविधा, सभी धर्म के लिए पूजा स्थल, चिकित्सा, लाइब्रेरी सुरक्षा से लैस सुविधा से सुसज्जित होगा ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्वी चम्पारण जिले में उक्त योजना को कार्यान्वित कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पूर्ण शराबबंदी

*81 **श्री रामचन्द्र भारती (मनोनीत):**

Will the **मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन** be pleased to state:-
क्या मंत्री, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि नालंदा जिले के हरनौत थाने के बैरक में छापेमारी के दौरान तीन कार्टून शराब जनवरी के अंतिम सप्ताह में मिली थी, जिसमें छापामारी दल की अगुवाई स्वयं नालंदा के एस.पी. कर रहे थे ;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार में 2007 से ही पूर्ण शराबबंदी लागू है जिसके तहत शराब के उत्पादन एवं बिक्री दोनों पर रोक है ;

(ग) क्या यह सही है कि सरकार राज्य में अभीतक पूर्ण रूप से शराबबंदी को लागू करने में सफल नहीं हो पाई है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य में पूर्ण रूप से शराब- बंदी कबतक करना चाहती है और इस दिशा में कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है ?

----

## बंद पड़े नलकूप चालू कबतक

*82 **श्री दिलीप राय (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

Will the **लघु जल संसाधन** be pleased to state:-
क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला के 72 राजकीय नलकूप में से 28 नलकूप खराब पड़े रहने के कारण किसानों के खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सभी खराब पड़े हुए नलकूप को ठीक कराने की व्यवस्था कराना चाहती है, यदि हां तो

कबतक ?

----

## भूमि अधिग्रहण

***83** **श्री देवेश चन्द्र ठाकुर (स्नातक तिरहुत):**

Will the **जल संसाधन** be pleased to state:-

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखंड- सुरसंड के ग्राम- श्रीखंडी-भिट्ठा स्थित रातो नदी पर 'नो मेन्स लैण्ड' से निशा सड़क तक नदी पर तटबंध का निर्माण करने हेतु वर्ष 2018 में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा शिलान्यास किया गया था ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त तटबंध के निर्माण करने हेतु अभी तक भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू नहीं की गयी है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तटबंध के निर्माण की प्रक्रिया कबतक शुरू करना चाहती है ?

यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भूमिहीन शिक्षिका को घर बनाने के लिए पांच डिसमिल जमीन दिलाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----